बुधवार
01 मार्च, 2023
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज





माफिया मुख्तार अंसारी की पत्नी और साले समेत चार पर एफआईआर दर्ज 4



प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक


### वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए बिहार सरकार ने पेश किया 2 लाख 61 हजार 885 करोड़ का बजट, युवाओं और नौकरी पर पूरा फोकस

# बजट में ऐलान... 10 लाख युवाओं को मिलेगा रोजगार

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली महागठबंधन की सरकार ने मंगलवार को वित्तीय वर्ष 2023-24 का बजट पेश किया। नीतीश सरकार के बजट में सात निश्चय पार्ट-टू की योजनाओं के साथ ही कृषि रोड मैप-4 के लक्ष्य तय करने की बात कही गई है। नीतीश कुमार की सरकार के इस बजट में पुलिस विभाग से लेकर शिक्षा विभाग तक, नौकरियों का भी ऐलान किया गया है। बिहार के वित्त मंत्री विजय कुमार चौधरी ने विधानसभा में बजट पेश किया। विजय कुमार चौधरी ने एक घंटे 24 मिनट के अपने बजट भाषण में कहा कि पिछले साल की तुलना में राज्य सरकार के बजट का आकार बढ़ा है। राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 2 लाख 61 हजार 885 करोड़ का बजट पेश किया है जो पिछले वित्तीय वर्ष (2022-23) के बजट (2 लाख 37 हजार 691 करोड़ रुपये) की तुलना में अधिक है। बजट में युवाओं और रोजगार पर विशेष ध्यान दिया गया है। वित्त मंत्री विजय चौधरी ने कहा है कि बजट में 10 लाख युवाओं को रोजगार देने की योजना है। अलग-अलग विभागों में बहाली प्रक्रिया पूरी कर नौकरी दी जाएगी। साथ ही रोजगार की कई अन्य योजनाओं को पूरा किया जाएगा।

वित्त मंत्री ने महिला सशक्तिकरण के लिए नारी शक्ति योजना के लिए 60 करोड़ का प्रावधान, बालिका साइकिल योजना के लिए 50 करोड़ और बालिका पोशाक के लिए 100 करोड़ रुपये के प्रावधान की घोषणा की। वहीं मैट्रिक में प्रथम श्रेणी के लिए 94 करोड़, मदरसा के पुनर्निर्माण के लिए 40 करोड़ और पीएमसीएच के विस्तार के लिए 5540 करोड़ का प्रावधान बजट में किया गया है।

**पिछले वर्ष 2 लाख 37 हजार 691 करोड़ रु. का पेश किया गया था बजट**

**पीएमसीएच के विस्तार के लिए 5540 करोड़ रु. का बजट में किया गया प्रावधान**

**21 सदर अस्पताल अब मॉडल अस्पताल के रूप में किए जाएंगे विकसित**

**9 जिलों में बनेंगे मेडिकल कॉलेज, गांव में टेली मेडिसिन की सुविधा उपलब्ध होगी**

**घरों में वाटर हार्वेस्टिंग कराने पर सरकार होल्डिंग टैक्स में देगी छूट**

**राज्य में दलहन और तिलहन विकास मिशन की स्थापना की जाएगी**



साथ ही राज्य के 21 सदर अस्पताल अब मॉडल अस्पताल बनेंगे। गांव में टेली मेडिसिन की सुविधा और 9 जिलों में मेडिकल कॉलेज बनाये जाएंगे।

उन्होंने कहा कि चौथे कृषि रोड मैप पर काम जारी है। जैविक कृषि का विस्तार जारी है और किसानों की आय बढ़ाने की कोशिश है। साथ ही दलहन और तिलहन विकास मिशन की स्थापना की जाएगी। बाढ़ से बचाव के लिए बिहार में नदी जोड़ो योजना पर काम जारी है। राज्य के पशुपालकों को लिए 525.38 करोड़ रुपये और सोलर लाइट के लिए 392 करोड़ का प्रावधान किया गया है। मगही पान और मखाना को जीआई टैग मिल चुका है। उन्होंने कहा कि सीएम ग्रामीण आवास योजना के लाभुक को 50 हजार रुपए मिलेगा। वर्षा जल संचयन पर काम जारी है। मवेशियों का टीकाकरण कराया जाएगा। वाटर हार्वेस्टिंग पर होल्डिंग टैक्स में छूट मिलेगी। कजरा-पीरपैंती में सोलर ऊर्जा प्लांट लगेगा। राज्य के संस्कृत शिक्षकों को 7वें वेतनमान का लाभ मिलेगा। कोसी लिंक योजना पर काम जारी है। साथ ही मुजफ्फरपुर-पूर्णिया में खादी मॉल बनेगा।

## सोलर लाइट के लिए 392 करोड़ का प्रावधान

विजय चौधरी ने कहा कि बजट में सोलर लाइट के लिए 392 करोड़ का प्रावधान किया गया है। कजरा और पीरपैंती ने सोलर ऊर्जा परियोजना लगाने का निर्णय लिया गया है। नीचे मछली ऊपर बिजली को योजना है। जल जीवन हरियाली अभियान के लिए वर्षा जल संचयन करने वालो को होल्डिंग टैक्स पर 5 प्रतिशत की छूट मिलेगी।

**पशुधन मछली पालन के लिए 525.38 करोड़ का प्रावधान:** वित्त मंत्री ने कहा कि नदी जोड़ योजना के पूरा होने से बाढ़ की समस्या में कमी आएगी। साथ ही कृषि को बढ़ावा मिलेगा। कोसी मेची लिंक पर काम चल रहा है। पशुधन मछली पालन के लिए 525.38 करोड़ का प्रावधान किया गया है। सीएम ग्रामीण आवास सहायता योजना के अंतर्गत 50 हजार की राशि उपलब्ध कराने की योजना है।

**शाही लीची, मिथिला मखाना, मगही पान, जदार्लू आम को मिला जीआई टैग:** विजय चौधरी ने कहा कि हर खेत में पानी और और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने लिए बजट में विशेष प्रावधान किया गया है। गुणवत्ता पूर्ण उत्पाद के रूप में पहचान बनाने वाले शाही लीची, मिथिला मखाना, मगही पान, जदार्लू आम को जीआई टैग मिला है। उन्होंने कहा कि बंजर भूमि में लेमन ग्रास की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। गंगा नदी के किनारे ऑर्गेनिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है।

**मेडिकल कॉलेज खुलने से पहले ही पूरी हो जाएगी बहाली प्रक्रिया:** बजट सत्र के दौरान उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने बिहार विधान परिषद में बड़ी जानकारी देते हुए कहा कि बिहार में जहां-जहां मेडिकल कॉलेज खुलने वाले हैं, वहां पहले से ही रिक्त पदों की नियुक्ति कर ली जायेगी। राज्य सरकार ने इसको लेकर काम शुरू कर दिया है।

**प्रथम श्रेणी से मैट्रिक परीक्षा पास करने वाले स्टूडेंट्स के लिए 94 करोड़:** वित्त मंत्री ने कहा कि बिहार में प्रथम श्रेणी से मैट्रिक परीक्षा पास करने वाले स्टूडेंट्स के 94 करोड़ का प्रावधान किया गया है. वहीं बालिका पोशाक योजना के 100 करोड़ की राशि खर्च किए जाएंगे।

**केंद्र सरकार ने बंद की छात्रवृति योजना:** केंद्र सरकार ने 1 से 8 क्लास के पिछड़ा अतिपिछड़ा छात्रों के लिए छात्रवृति योजना बंद कर दी है। मदरसा के लिए 23 -24 में 39 करोड़ का प्रावधान किया गया है। मदरसा के साथ साथ संस्कृत शिक्षक को 7वें वेतन मान का लाभ दिया गया है।

**महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता:** वित्त मंत्री ने कहा कि बजट में महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी गई है. हमारी सरकार महिलाओं को आगे बढ़ाने पर फोकस करती है। बिहार में जीविका अभियान पूरे देश में नजरी बन चुकी है।

**खेल विश्वविद्यालय की होगी स्थापना:** वित्त मंत्री ने कहा कि बिहार के राजगीर में खेल विश्विद्यालय की स्थापना की जा रही है।

## किस विभाग को कितना मिला

| | |
|---|---|
| शिक्षा विभाग | 40450.91 करोड़ |
| स्वास्थ्य विभाग | 16966.42 करोड़ |
| पथ निर्माण | 5918.87 करोड़ |
| भवन निर्माण | 4721.48 करोड़ |
| ग्रामीण कार्य | 11568 करोड़ |
| योजना विकास | 2216 करोड़ |
| पीएचईडी | 2340 करोड़ |
| श्रम संसाधन | 864 करोड़ |
| ऊर्जा विभाग | 11536 करोड़ |
| विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी | 803 करोड़ |
| आपदा प्रबंधन | 5265 करोड़ |
| खाद्य उपभोक्ता | 1242 करोड़ |
| पर्यटन | 417 करोड़ |
| निर्वाचन | 231 करोड़ |
| गृह विभाग | 14266 करोड़ |
| मंत्रिमंडल सचिवालय | 502 करोड़ |
| सूचना जन संपर्क | 148 करोड़ |
| सामान्य प्रशासन | 881 करोड़ |
| कला संस्कृति एवं युवा | 331 करोड़ |
| विधि | 1167 करोड़ |
| गन्ना उद्योग | 123 करोड़ |
| वित्त विभाग | 2547 करोड़ |
| कृषि विभाग | 3639 करोड़ |
| पशु एवं मत्स्य | 1509 करोड़ |
| सहकारिता | 1190 करोड़ |
| जल संसाधन | 4378 करोड़ |
| लघु जल संसाधन | 1020 करोड़ |
| पंचायती राज | 10419 करोड़ |
| ग्रामीण विकास | 15452 करोड़ |
| नगर विकास | 9709 करोड़ |
| पर्यावरण एवं वन | 781 करोड़ |
| उद्योग विभाग | 1648 करोड़ |
| समाज कल्याण | 8210 करोड़ |
| पिछड़ा अति पिछड़ा | 1787 करोड़ |
| अनुसूचित जाति जनजाति | 1805 करोड़ |
| अल्पसंख्यक कल्याण | 635 करोड़ |
| राजस्व भूमि सुधार | 1548 करोड़ |
| मद्य निषेध, उत्पाद निबंधन | 600 करोड़ |
| वाणिज्य कर विभाग | 177 करोड़ |
| परिवहन | 434 करोड़ |

## शिक्षा मंत्री का विवादित बयान, रामचरितमानस में कूड़ा-कचरा को साफ करना जरूरी

**पटना।** राजद नेता व बिहार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर ने एक बार फिर रामचरितमानस पर विवादित बयान दिया है। चंद्रशेखर ने कहा कि रामचरितमानस में जो कूड़ा कचरा है, उसे साफ करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अभी तो कुछ दोहों पर सवाल किया है, अभी दर्जनों दोहे हैं, जिसे बदलने की जरूरत है। मैं रामचरितमानस पर बोलता रहूंगा। मैं चुप होने वाला नही हूं। वहीं पलटवार करते हुए जदयू विधायक संजीव कुमार ने कहा कि चंद्रशेखर धर्म के बारे में अनाप शनाप बोलना बंद करें। शिक्षा मंत्री बताएं उनका धर्म क्या है? इतनी परेशानी है, तो चंद्रशेखर धर्म परिवर्तन कर लें। इतना ही नहीं संजीव कुमार ने कहा कि अगर चंद्रशेखर में हिम्मत है तो दूसरे धर्म पर बोलकर दिखाएं।

## शिवहर में रिटायर दारोगा के बेटे की निर्मम तरीके से हत्या

**शिवहर।** शिवहर जिले के पूरनहिया थाना क्षेत्र के खैरा पहाड़ी गांव में रिटायर दारोगा के पुत्र की अपराधियों ने निर्मम तरीके से हत्या कर दी। हत्यारे ने युवक के दोनों हाथ काट लिया है। अभी तक मृत मृत युवक का एक हाथ नहीं मिला है। पुलिस के मुताबिक मृतक आदित्य कहीं बारात गया था। जब वह वापस नही लौटा तो परिजनो ने खोजबीन शुरू की और पुलिस को इसकी सूचना दी। काफी देर खोजबीन के बाद युवक का शव गेहूं के खेत में मिला। अपराधी ने युवक का गला काट कर हत्या करने के बाद दोनों हाथ भी काट लिया है।

# नालंदा-बेतिया में सड़क हादसे में चार की मौत

**केटी न्यूज/पटना**

नालंदा और बेतिया में हुए भीषड़ सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। वहीं करीब 35-40 लोग घायल हुए हैं। इनमें कई लोगों का स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है। पहली घटना नालंदा में हुई। यहां सारे थाना क्षेत्र के मानपुर गांव के समीप लोगों से भरी बस को हाइवा ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस का छत उड़कर काफी दूर चला गया। बस सवार बरबीघा के बबनबीघा गांव से तिलक समारोह में नालंदा जिले के बिंद थाना इलाके रामपुर गांव से घर लौट रहें थे। मृतकों में शेखपुरा जिला के बरबीघा थाना क्षेत्र के बबनबीघा गांव निवासी स्वर्गीय यमुना मिस्त्री के 56 वर्षीय पुत्र राजेश शर्मा, रघुनंदन यादव के 45 वर्षीय पुत्र उत्तम यादव एवं मेहुस निवासी बालेश्वर यादव के 47 वर्षीय पुत्र उपेन्द्र यादव हैं।

### बेतिया में बारातियों से भरी बस पलटी

बेतिया में बारातियों से भरी एक बस पलट गई है। जिसमें सवार एक दर्जन से अधिक बाराती गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जबकि एक बाराती की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना जिले के साठी थाना क्षेत्र के बहुअरवा मोड़ का है। जहां सोमवार की रात नेपाल से साठी के दनियान परसौना बारातियों से भरी बस आयी थी। मंगलवार सुबह लौटने के दौरान अनियंत्रित होकर बहुआरवा मोड़ के समीप पलट गई। जिसमें सवार एक दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जबकि एक बराती की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वही इधर घटना की सूचना मिलते ही मौके पर साठी थाना पुलिस पहुंचकर सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए बेतिया गवर्नमेंट मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां सभी का इलाज चल रहा है। वहीं मृतक युवक के शव को पुलिस अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेतिया गवर्नमेंट मेडिकल अस्पताल भेज मामले की जांच में जुटी हुई है।

**सीट के नीचे छिपकर बचाई जान:** जख्मी ने बताया कि बरबीघा के बबन बीघा गांव से दिलीप यादव की बेटी का तिलक समारोह में बिन्द थाना क्षेत्र के रामपुर गांव आए थे। जहां से देर रात सभी लोग लौट रहे थे। तभी अचानक टक्कर हो गई। टक्कर इतनी इतना जबरदस्त थी कि चंद सेकेंड में ही बस की पूरी छत गायब हो गई। जैसे तैसे लोगों ने सीट के नीचे छुपकर अपनी जान बचाई। सारे थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने बताया कि 4 गंभीर रूप से जख्मी का इलाज विंस में किया जा रहा है।

## मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन ने मंत्री पद से दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दोनों का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। मनीष सिसोदिया के पास कई विभागों का जिम्मेदारी थी। सत्येंद्र जैन के जेल जाने के बाद उनके विभाग का काम मनीष सिसोदिया ही देख रहे थे। दिल्ली सरकार के 33 विभागों में से 18 विभागों की जिम्मेदारी मनीष सिसोदिया के पास थी। सत्येंद्र जैन नौ महीनों से जेल में बंद हैं। दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े मामले में मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी हुई है। दोनों मंत्रियों के इस्तीफे के बाद बीजेपी सांसद मनोज तिवारी ने ट्वीट करते हुए कहा है केजरीवाल जी नैतिकता के आधार पर इस्तीफा तो आपका भी बनता है।

### सीएम योगी आदित्यनाथ ने होली के त्योहार को लेकर अधिकारियों के साथ की बैठक

# किसी हाल में न बजे अश्लील गाना : योगी

**एजेंसी/गोरखपुर**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया है कि किसी भी कीमत पर अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। होली के त्योहार पर जुलूस को परंपरा के अनुसार ही निकालें। त्योहारों को सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने के साथ यह प्रयास होना चाहिए कि किसी भी प्रकार से जानमाल का कोई नुकसान ना हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि होलिका को आबादी क्षेत्र से दूर जलाएं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने दो दिवसीय दौरे



पर गोरखपुर में हैं।

सीएम योगी ने मंगलवार को गोरखनाथ मंदिर में पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ होली की तैयारी को लेकर बैठक की। उन्होंने कहा कि होली को लेकर प्रशासन पुख्ता इंतजाम करें। शांति समितियों की बैठक समय से करें जिससे कि शांति व्यवस्था बनी रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि होली त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं, कही भी अश्लील गाने न बज न पाए। मुख्यमंत्री ने सांसद, विधायक निधि का सदुपयोग करने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास कार्यों में इस बजट का उपयोग किया जाए। समय से सभी काम पूरे कर लिए जाएं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार की सुबह गौशाला में गायों की सेवा की और उसके बाद दिग्विजय नाथ सभागार के सामने जनता दरबार लगाया। मुख्यमंत्री एक-एक करके फरियादियों के पास पहुंच कर उनकी समस्याओं को सुना और अधिकारियों को उनके समस्या का जल्द से जल्द समाधान करने के लिए निर्देशित भी किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनता दरबार में गोरखपुर के साथ-साथ बगल के जिले के भी फरियादी अपनी समस्या को लेकर सुबह ही जनता दरबार में पहुंचे हुए थे।




## खबरें फटाफट

### ट्रेन से गिरकर बुजुर्ग की मौत

**आरा।** दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर कुलड़िया और आरा स्टेशन के बीच ट्रेन से गिरकर एक वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गयी। बुजुर्ग की उर्म 75 साल आंकी जा रही है। वह पंजाब के रहने वाले बताये जा रहे हैं। सूचना मिलने पर रेल पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। पुलिस बुजुर्ग की पहचान करने में जुट गई है। इधर, प्राप्त जानकारी के अनुसार बुजुर्ग पंजाब के रहने वाले बताये जा रहे हैं। उनके पास से आधार कार्ड और मोबाइल भी मिला है। उसके जरिए पुलिस पहचान करने में जुटी है।

### नींद की गोली खाने से महिला की हालत बिगड़ी

**आरा।** शहर के नवादा थाना क्षेत्र के आनइठ मोहल्ले में मंगलवार दोपहर एक महिला ने नींद की गोलियां खा ली। उससे उसकी हालत काफी बिगड़ गई। उसका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। महिला आनइठ मोहल्ला निवासी 35 वर्षीय रामावती देवी बतायी जा रही है।

### पेवर ब्लॉक ईट प्लांट में हुई चोरी

**जहानाबाद।** टेहटा ओपी क्षेत्र के कलानोर गांव स्थित पेवर ब्लॉक ईंट प्लांट मे अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। जानकारी देते हुए पेवर ब्लॉक इट प्लांट के संचालक नीतीश कुमार ने बताया कि उनके प्लांट से अल्टरनेटर और गैस टंकी को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया है। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पूर्व भी हमारे प्लांट से समरसेबल मोटर की चोरी की गई थी। जिसका आज तक अता पता नहीं चल रहा है। उन्होंने चोरी के सामान की कीमत हजारों में बताया है। इस संबंध में उन्होंने कहा की चोरी की घटना का टेहटा ओपी में आवेदन दिया गया है। बता दें कि इन दिनों लगातार ओपी क्षेत्र में चोरी की घटनाएं घट रही है और चोर बेखौफ चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।

# शून्य से 19 साल तक के बच्चों को 16 मार्च को खिलाई जाएगी कृमि की दवा

- जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के सफल आयोजन को लेकर की बैठक

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिलाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के सफल आयोजन हेतु अंतर विभागीय समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान दिनांक 16 मार्च को सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर पड़ने वाले तथा स्कूल नहीं जाने वाले बच्चों को, सरकारी एवं निजी विद्यालयों, मदरसों, तकनीकी संस्थाओं एवं केंद्रीय तथा नवोदय विद्यालयों में पढ़ने वाले 1 वर्ष से 19 वर्ष तक आयु वर्ग के सभी बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जानी है। यदि इन्हीं स्थानों पर 16 मार्च को किसी कारणवश दवा खाने से वंचित रह गए बच्चों को 20 मार्च मॉपअप दिवस के दिन दवा खिलाई जाएगी।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया गया कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु स्वास्थ्य शिक्षा एवं आईसीडीएस तीनों विभाग बेहतर समन्वय के साथ कार्य करते हुए यह सुनिश्चित करें कि एक भी बच्चा छूट नहीं पाए। इस क्रम में जिलाधिकारी सरकारी एवं निजी विद्यालयों से दवा खिलाने संबंधी आंकड़ों की अलग से समीक्षा करेंगे। उन्होंने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया। ताकि अभिभावकों एवं बच्चों को समुचित जानकारी हो और तय तिथि पर बच्चे विद्यालय में उपस्थित रहे। हालांकि एल्बेंडाजोल की दवा पूरी तरह से सुरक्षित है, फिर भी अभियान के दिन सभी प्रखंडों में आवश्यक सुरक्षात्मक तैयारियां करने हेतु भी निर्देश दिया गया। कार्यक्रम में जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी, आईसीडीएस की डीपीओ, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक तथा जिला सामुदायिक उत्प्रेरक के साथ-साथ स्वास्थ्य शिक्षा एवं आईसीडीएस के अन्य पदाधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।



बैठक में शामिल जिलाधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी व सहयोगी विभाग के अधिकारी

## आशा कार्यकताओं को दिया गया स्मार्टफोन

**बक्सर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत गांव स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण, ससमय सूचनाओं के आदान-प्रदान एवं ऑनलाइन रिपोटिंग तथा आशा कार्यकताओं को ऑनलाइन प्रोत्साहन राशि के भुगतान के उद्देश्य से जिलाधिकारी अमन समीर के द्वारा जिले में कार्यरत आशा कार्यकताओं के बीच स्मार्टफोन के वितरण किया। मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि स्मार्टफोन के माध्यम से जिला के प्रत्येक गांव में स्वास्थ्य संबंधी किसी भी आपातकालीन परिस्थिति की सूचना तुरंत जिला एवं प्रखंड मुख्यालय को प्राप्त हो सकेगी। गांव टोला स्तर से स्वास्थ्य संबंधी आंकड़े प्राप्त करना और उनका विश्लेषण करना सुलभ होगा। साथ ही आशा कार्यकताओं की प्रोत्साहन राशि का भी ऑनलाइन भुगतान करने में आ रही रुकावटें दूर हो सकेंगी। यहां यह स्पष्ट करना चाहेंगे कि आशा कार्यकर्ता गांव स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए डिपो होल्डर के रूप में कार्य करती है। आशा कार्यकर्ता एफपीएलएमआईएस पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन परिवार नियोजन सामग्रियों की मांग करती है तथा आशा कार्यकताओं की प्रोत्साहन राशि का भुगतान भी अश्विन पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। ऐसे में आशा कार्यकताओं के बीच स्मार्टफोन का वितरण प्रत्येक गांव/टोला को 247 स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़े रहने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी बक्सर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक मनीष कुमार, जिला सामुदायिक उत्प्रेरक हिमांशु सिंह, सदर प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक प्रिंस सिंह तथा अन्य उपस्थित थे।




### बच्चों के साथ तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने मवेशी को रौंदने के बाद पोल में मारी ठोकर

# भोजपुर में बेलगाम स्कॉर्पियो ने सड़क किनारे खेल रहे भाई-बहन को रौंदा, बच्ची की मौत

- इलाज के दौरान आरा सदर अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में बच्ची ने तोड़ा दम
- जख्मी भाई का गड़हनी के एक प्राइवेट अस्पताल में कराया जा रहा इलाज

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के गड़हनी थाना क्षेत्र के बड़ौरा गांव में मंगलवार की सुबह बेलगाम स्कॉर्पियो ने सड़क किनारे खेल रहे सगे भाई-बहन और मवेशी को रौंद दिया। उसमें बहन की मौत हो गयी, जबकि उसका भाई गंभीर रूप से जख्मी हो गया। मृत बच्ची बड़ौरा गांव निवासी राजू पासवान की नौ वर्षीया पुत्री चांदनी कुमारी थी। जख्मी उसका आठ वर्षीय भाई रोहित कुमार है। बच्चों और मवेशी को रौंदने के बाद तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने बिजली के पोल और ईंट में ठोकर मार दी। इससे हादसे को लेकर गांव में काफी देर तक अफरातफरी मची रही। घटना के संबंध में मृत बच्ची के पिता राजू पासवान ने बताया कि मंगलवार की सुबह बड़ौरा उनकी पुत्री चांदनी कुमारी व पुत्र रोहित कुमार सड़क किनारे खेल रहे थे। उसी दौरान एक बेलगाम स्कार्पियो ने दोनों को रौंद दिया।

उसके बाद कुछ दूर पर एक मवेशी भैंस को भी रौंद दिया। हादसे में उनके पुत्र और पुत्री दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उसके बाद दोनों को इलाज के लिए गड़हनी स्थित प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद चांदनी कुमारी को आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां इलाज के दौरान सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में चांदनी ने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर टाउन थाने की पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। बच्ची अपने दो भाइयों के बीच इकलौती बहन बड़ी थी। मृत बच्ची के परिवार में मां ज्योति देवी भाई रोहित कुमार और आहन कुमारी है। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है। बच्ची की मां ज्योति देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया। लेकिन गांव के प्रबुद्ध जनों की सूझ-बुझ से मामला शांत कराया गया।



अस्पताल में जुटे मृत बच्ची के परिजन



मृत बच्ची की फाइल फोटो

### बारात से लौट रही रोड लाइट गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त, एक की मौत

**आरा।** शाहपुर पश्चिमी पोखरा के समीप सोमवार की देर रात बारात से लौट रही रोड लाइट पार्टी गाड़ी बिजली के खंभे से टकरा गयी। उसमें गाड़ी में सवार एक युवक की मौत हो गयी। हादसे मे करीब आधा दर्जन लोग जख्मी भी हो गये। सभी का इलाज अलग-अलग अस्पतालों में कराया जा रहा है। मृत युवक शाहपुर नगर पंचायत के वार्ड नंबर चार निवासी शत्रुघ्न पासवान का 18 वर्षीय पुत्र अंशु पासवान था। सूचना पर पहुंची शाहपुर थाना की पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया गया घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि सोमवार की रात करीब दो बजे बारात की रोड लाइट पार्टी के सदस्य अपनी गाड़ी से ब्रहमपुर की ओर से शाहपुर लौट रहे थे। तभी शाहपुर पश्चिमी पोखरा के समीप चालक का संतुलन बिगड़ जाने से गाड़ी सड़क के किनारे स्थित एक बिजली के खंभे से जा टकरायी। उससे गाड़ी सवार एक युवक की मौत हो गयी, जबकि 6से 8 लोग घायल बताया जा रहे हैं ।घटना के बाद काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही ।बाद में सभी घायलों को इलाज के लिए अलग-अलग अस्पतालों में ले जाया गया।

## एक नजर

### काव्य गोष्ठी सह होली मिलन समारोह आयोजित




**जहानाबाद।** शब्दाक्षर की जिला इकाई के तत्वावधान कोर्ट एरिया स्थित कला एवं संस्कृति भवन में मासिक काव्य गोष्ठी सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। उद्घघाटन जिलाध्यक्ष सावित्री सुमन ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का श्री गणेश चर्चित गजलकार सावित्री सुमन की सरस्वती वंदना से हुआ। इस समारोह में अपनी सहभागिता निभाने वाले कवियों और कवियत्रियो ने एक से एक बढ़कर रचनाएं प्रस्तुत की। श्रोतागण वाह वाह करते हुए ताली बजाते रहे। काव्य पाठ करने वालों में मनोज कुमार कमल, सुधीर कुमार सिंह, चितरंजन चैनपुरा, नंदन मिश्र, अनिला सिन्हा और नवोदित कवयित्री कुमारी अंजली प्रमुख थे। शिक्षिका पुष्पा कुमारी और समाज सेवी बिपिन कुमार मिश्र ने जिले में शब्दाक्षर के बढ़ते कदम पर प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष महेश कुमार मधुकर और ध्यानवाद ज्ञापन सेवा निवृत प्रधानाचार्य श्री राज शेखर द्विवेदी ने किया। जिलाध्यक्ष सावित्री सुमन ने कहा की जिले में प्रतिभा खोज कार्यक्रम जारी है। उल्लेखित कार्यक्रम की सफलता पर शब्दाक्षर के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रवि प्रताप सिंह, बिहार के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार मिश्र पद्मनाभ और शब्दाक्षर बिहार की साहित्य मंत्री सह प्रसारण प्रभारी प्रो. डॉ. कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी ने अध्यक्ष सहित सभी सदस्यों को बधाई देते हुए मंगलमय भविष्य की कामना की।

### बस व पिकअप वैन में टक्कर, एक की मौत



**जहानाबाद।** मंगलवार की दोपहर पटना गया एनएच 83 राष्ट्रीय राज मार्ग के काफरपुर धर्म कांटा के समीप यात्री बस एवं एक पिकअप वैन में टक्कर हो गई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गया वहीं 2 लोग घायल हो गए। मृतक पटना जिले के दीदारगंज निवासी रविंद्र कुमार बताया जाता है। जबकि घायल लोग भी दीदारगंज पटना निवासी राहुल कुमार एवं बिट्ठू कुमार हैं। जानकारी के अनुसार पिकअप वैन गया से ग्लास उतारकर वापस दीदारगंज पटना लौट रहा था। इसी दौरान काफरपुर धर्मकांटा के समीप गोविंदा नामक यात्री बस से सीधा टक्कर हो गई। जिसमें पिकअप वैन सवार रविंद्र कुमार की मौत हो गई। जबकि राहुल कुमार एवं बिट्ठू कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उमता धरनई ओपी की पुलिस के द्वारा इलाज के लिए मखदुमपुर रेफरल अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। इधर ओपी प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि पुलिस घटना में मृत हुए युवक की शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा रही है।

### मोहनिया से दुर्गावती तक लगा भीषण जाम



**भभुआ।** शेरशाह सूरी नाम से विख्यात ओल्ड ग्रैंड ट्रंक रोड (एनएच-2) दिल्ली से कोलकाता को जोड़ता है। मंगलवार को इस मार्ग पर मोहनिया से लेकर दुर्गावती तक 10 किलोमीटर भीषण जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। इस जाम में मालवाहक वाहनों के साथ-साथ यात्री वाहन और छोटी गाड़ियां भी फंसी रही। जाम का मुख्य कारण सड़क निर्माण कंपनी का है जो सड़क निर्माण करने के नाम पर जगह-जगह सड़क तोड़कर डायवर्सन बना दिया है। सरकार सड़क का चौड़ीकरण कर रही है कि जाम की समस्या से लोगों को जूझना नहीं पड़े, लेकिन सड़क निर्माण कंपनी सड़क निर्माण में इतनी अनियमितता बरत रही है कि प्रतिदिन जाम लग रहा। कुछ दिन पहले ही बीपीएससी की परीक्षा देने आई छात्रा का जाम के कारण परीक्षा छूट गया था। वहीं, मैट्रिक की परीक्षा देने आ रही छात्राओं की गाड़ियां जब जाम में फंस गई थी, तो सड़कों पर ही दौड़ लगाना शुरू कर दिया था, लेकिन जाम से कब निजात मिलेगा कह पाना मुश्किल है। ट्रक में यूपी से चीनी लोड कर जा रहे हैं सखावत खान बताते हैं कि चिनी लोड कर कोलकाता जा रहे हैं। सुबह से ही जाम बिहार में प्रवेश करने के साथ मुझे मिला। इस रोड का जाम खत्म ही नहीं होता है। सरकार रोड इस लायक नहीं करवा पा रही है कि जाम से मुक्ति मिल जाए। जाम छुड़वाते कोई अधिकारी भी मुझे नहीं दिखे। जब हम टोल टैक्स भर रहे हैं रोड टैक्स भर रहे हैं सारे टैक्स चुका ही रहे तो फिर जाम लग क्यों रहा समझ में नहीं आ रहा। अगर जाम नहीं लगा रहता तो अब तक मोहनिया टोल प्लाजा से मैं औरंगाबाद पहुंच गया होता।

### मोबाइल के साथ एटीएम भी ले उड़ा फ्रॉड, निकाल लिया 35 हजार

**आरा।** जिले में एटीएम फ्रॉड का मामला प्रकाश में आया है। जिसको लेकर पीड़ित की तहरीर पर नवादा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। पीड़ित धनगाईं थाना क्षेत्र के दलीपुर गांव निवासी नीरज कुमार है।

प्राथमिकी नीरज कुमार की ओर कहा गया है कि वह 26 फरवरी ट्रेन से सफर कर रहा था। कानपुर से चलने वाले एक अजनबी ने अपने को सिअरुआ गांव का रहने वाला बताया था। सुबह करीब आठ बजे आरा स्टेशन पर उतर कर वह बस पकड़ने जाने लगा। तभी उस अजनबी ने कहा कि आपके खाते में 500 रुपया मंगा देता हूं। आप एटीएम से कैस निकाल कर दे दो। उस पर वह त्रिभुवनानी कोठी मोड़ के पास एक्सिस बैंक के एटीएम बूथ में कैश निकालने चला गया। इस बीच उसने एटीएम का पिनकोड देख लिया। उसके बाद बाहर निकलते ही उसने बात करने के बहाने मोबाइल ले लिया। मोबाइल के कवर में उनका एटीएम कार्ड भी था। बात करते हुए अजनबी आगे चला गया। पीछे वह भी चल रहा था। धीरे-धीरे अजनबी तेज गति से भाग निकला। पीछा करने के बावजूद वह नहीं मिल पाया। उसके बाद उसने उनके एटीएम से एसबीआई सर्किट हाउस रोड से कई बार पैसा कर पूरा खाता खाली कर दिया।

## होली में हुड़दंग मचाने वालों पर कसें नकेल: एसपी

- लंबित कांडों के उद्भेदन व पेंडिंग केस के डिस्पोजल और फाइलों के अपडेशन पर जोर

**केटी न्यूज/आरा**

अपराध नियंत्रण को लेकर भोजपुर एसपी का लंबित केस के डिस्पोजल, कांडों के उद्भेदन और फाइलों के अपडेशन पर काफी जोर है। मंगलवार को पीरो एसडीपीओ कार्यालय के निरीक्षण के दौरान एसपी प्रमोद कुमार द्वारा इस संबंध में निर्देश भी दिया। निरीक्षण के दौरान एसपी की ओर से केस और सुपरविजन संबंधी फाइलों का अवलोकन किया गया। केस के सुपरविजन में आने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी ली। फाइलों के रखरखाव और ऑफिस की सफाई को भी देखा। साथ ही हर लंबित मामलों को अपडेट करने का निर्देश दिया। एसपी द्वारा एसडीपीओ राहुल सिंह के साथ आपराधिक गिरोह पर चर्चा की गयी। गिरोह की पहचान कर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। बालू अवैध खनन के खिलाफ अभियान चलाने का भी निर्देश दिया।

होली को देखते हुए एसपी की ओर से अलर्ट रहने को कहा गया। हुड़दंग मचाने वालों की पहचान कर 107 और 110 की कार्रवाई करने का भी टास्क दिया गया। शराब की बरामदगी करने के साथ शांति समिति की बैठक करने का भी निर्देश दिया। एसपी ने बताया कि सभी लंबित केस और उससे संबंधित सुपरविजन की समीक्षा की गयी। सुपरविजन में आने वाली समस्याओं की जानकारी ली गयी। निर्देश दिया गया कि अगर कहीं कोई चीज लंबित है, तो उसे अपडेट कर लिया जाए।



### एनटीईपी अंतर्गत चल रहे एसएनसी प्रोग्राम के बिहार सरकार द्वारा गठित डिस्ट्रिक्ट नोडल ऑफिसर की टीम की बैठक

# टीबी की पुष्टि होने पर निक्षय पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराएं निजी संस्थान

- टीबी मरीजों की संख्या में गिरावट और बढ़ोत्तरी की जानकारी के लिए बैठक का आयोजन
- सरकारी व निजी सेक्टर से खपत हुई रिफाम्पिसिन युक्त टीबी की दवाइयों का रिव्यू किया गया डाटा

**केटी न्यूज/बक्सर**

राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) अंतर्गत जिले में चल रहे सब नेशनल सर्टिफिकेट (एसएनसी) प्रोग्राम के तहत बिहार सरकार द्वारा गठित डिस्ट्रिक्ट नोडल ऑफिसर (डीएनओ) की टीम की बैठक हुई। जिसमें राज्य स्तरीय पदाधिकारी डॉ. लवली कुमारी, डॉ. आभा कुमारी, डब्ल्यूएचओ के एनटीईपी कंसलटेंट डॉ.कुमार विज्येंद्र सौरभ के साथ-साथ जिले के प्रमुख निजी अस्पताल के चिकित्सक व निजी केमिस्ट्स भी शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता सिविल सर्जन डॉ. जितेंद्र नाथ ने की। इस दौरान डब्ल्यूएचओ ने निजी सेक्टर से इलाज ले रहे टीबी मरीजों का डाटा शेयर किया। वहीं, जिला यक्ष्मा केंद्र के द्वारा सरकारी क्षेत्र में इलाजरत मरीजों की जानकारी दी गई।

**तीन बातों पर हुई चर्चा:** बैठक में सिविल सर्जन सह प्रभारी सीडीओ डॉ. नाथ ने बताया कि इसके माध्यम से जिले में टीबी मरीजों की स्थिति की जानकारी ली जाएगी। जिसमें तीन मुख्य बातों पर फोकस किया जाएगा। सबसे पहले यह देखा जाएगा कि बक्सर जिले में यहां के मरीजों के साथ-साथ अन्य जिलों और राज्यों के कितने मरीज इलाज के लिए आ रहे हैं। क्योंकि मेथोडिस्ट अस्पताल में जिले के अलावा बाहरी मरीज भी आते हैं। वहीं, दूसरा यह देखना है कि जनवरी 2015 के सापेक्ष्य में दिसंबर 2022 तक सरकारी और निजी क्षेत्र में रिफाम्पिसिन युक्त टीबी की दवाइयों की खपत हुई है। वहीं, तीसरी बात यह है कि इस दौरान मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई या गिरावट हुई है। जिसकी जानकारी विभाग को भेजी जाएगी। विभाग एसएनसी के तहत मार्किंग करेगी और जिले के एनटीईपी की रिपोर्ट तैयार करेगी। बैठक में स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भूपेंद्र नाथ, जिला औषधि निरीक्षक आमोद कुमार, जिला यक्ष्मा केंद्र के मनीष कुमार, एसटीएलएस कुमार गौरव व राहुल कुमार के अलावा निजी संस्थानों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।




### निजी संस्थान व केमिस्ट्स दें मरीजों की जानकारी

डॉ. नाथ ने बताया कि टीबी के मरीज सरकारी के अलावा निजी स्वास्थ्य संस्थानों में भी अपना इलाज कराते हैं। कुछ संस्थानों द्वारा नियमित रूप से मरीजों का रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर कराया जाता है, लेकिन कुछ संस्थान द्वारा लापरवाही बरती जाती। जो क्षम्य नहीं है। सभी निजी स्वास्थ्य संस्थान मरीज में टीबी की पुष्टि होने के बाद तत्काल उसका रजिस्ट्रेशन निक्षय पोर्टल पर करें। वहीं, बिना रजिस्ट्रेशन के कोई मरीज टीबी की दवा लेने के लिए निजी केमिस्ट्स के पास जाता है तो वो उसकी जानकारी विभाग द्वारा दिए गए एच-1 रजिस्टर में भरें और उसे विभाग से शेयर करें। ताकि, उनका फॉलोअप करते हुए उनका रजिस्ट्रेशन कराया जा सके और सरकारी लाभ दिलाया जा सके।

## खबरें फटाफट

### स्टेशन पर ट्रेन से गिर अधेड़ की मौत

**बक्सर।** रेलवे स्टेशन पर चलती ट्रेन से गिर एक अधेड़ की मौत हो गई है। घटना सुबह 9:15 बजे प्लेटफार्म संख्या दो की है। मृतक हरेन्द्र पांडेय रोहतास जिले के दावथ थाना क्षेत्र के धरकंधा गांव के रहने वाले थे। उनके पास से एक जेनरल टिकट भी बरामद हुआ है जो पटना से लिया गया था। बताया जाता है कि वे एक शादी समारोह में भाग लेने अपने गांव से पटना गए थे। वहां से लौटने के दौरान बक्सर स्टेशन पर चलती ट्रेन से गिरने से उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी द्वारा शव को कब्जें में ले पहचान का प्रयास किया गया। उनके पास मिले मोबाईल तथा अन्य कागजातों से उनकी पहचान हुई। इसके बाद परिजनों को सूचना दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन दौड़े भागे बक्सर पहुंचे। हालांकि तब तक शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा चुका था।

### गन प्वाइंट पर लूटी बाइक व मोबाइल

**डुमरांव।** बेखौफ लूटेरों ने एक युवक से दिनदहाड़े गन प्वाइंट पर बाइक व मोबाइल लूट लिए है। घटना डुमरांव थाना क्षेत्र के बन्हेजी डेरा गांव के पास का है। पीड़ित इसी थाना क्षेत्र के कुल्हवा निवासी भुवनेश्वर राम के पुत्र गुड्डु राम ने बाइक सवार तीन अज्ञात अपराधियों पर हथियार के बलपर बाइक व मोबाईल लूटने का अरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। पुलिस को दिए आवेदन में पीड़ित ने बताया है कि वह अपनी पैशन प्रो बाइक से गांव से डुमरांव आ रहा था। इसी दौरान बन्हेजी डेरा गांव के पास एक बाइक पर सवार तीन की संख्या में अपराधियों ने ओवरटेक कर उसकी बाइक रूकवाई तथा गन प्वाइंट पर बाइक तथा उसका मोबाईल छिन लिए। इस घटना के बाद युवक काफी डरा सहमा हुआ है। बता दें कि पिछले कुछ दिनों में जिलेभर में अपराध का ग्राफ बढ़ गया है। हर दिन चोरी, लूट तथा गोलीबारी जैसी घटनाएं आम हो गई है।

# श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ: कोरानसराय में बह रही भक्तिरस की अविरल धारा

- पहले दिन हजारों श्रद्धालुओं ने मंडप परिक्रमा कर किया कथामृत का पान
- चकौड़ा में भी चल रहा है भागवत कथा सप्ताह

केटी न्यूज/डुमरांव

डुमरांव अनुमंडल क्षेत्र के दक्षिणी इलाके में स्थित कोरानसराय व चकौड़ा गांव में अलग अलग यज्ञों के आयोजन से क्षेत्र में भक्ति रस की अविरल धारा बह रही है। जिसमें हर दिन हजारों श्रद्धालु गोते लगा रहे है। बता दें कि कोरानसराय के राधे कीर्तन ब्रह्म स्थान के पास पंडित दीपक तिवारी द्वारा श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का आयोजन करया जा रहा है।

मंगलवार को यह महायज्ञ विधिवत शुरू हुआ। पहले दिन ही यज्ञमंडप की परिक्रमा सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेने के लिए जन सैलाब उमड़ पड़ा था। इस दौरान पुरूषों की अपेक्षा पीले परिधानों में महिलाओं की सहभागिता काफी अधिक रही। महायज्ञ स्थल पर श्रद्धा एवं विश्वास के साथ पूजा-अर्चना कर श्रद्धालु परमानंद की अनुभूति प्राप्त करते नजर आये। दूसरी ओर विद्वान वैदिक ब्राह्मणों द्वारा किए जा रहे मंत्रोच्चारण से माहौल भक्तिमय बन गया है। इस दौरान लक्ष्मी-



नारायण और भगवान शंकर के जयघोष एवं हर-हर महादेव से पूरा क्षेत्र गुंजायमान होता रहा। महायज्ञ परिसर में चारों तरफ मेला का नजारा देखने को मिल रहा है। भव्य शोभा जुलूस सह कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ महायज्ञ पांच मार्च तक चलेगा। इस दौरान नित्य श्रीमद्भागवत पूजन, प्रवचन एवं भजन संध्या का कार्यक्रम चल रहा है। सुप्रसिद्ध कथावाचिका देवी राधिका प्रियंवदा, आचार्य पवन द्विवेदी जी महाराज, आचार्य आदित्य जी महाराज, आचार्य धनु ओझा जी महाराज ने वेद की ऋचाओं व मंत्रों के माध्यम से देवताओं का आह्वान करते हुए कहा कि यज्ञ से जगत कल्याण होता है। यज्ञ से संपूर्ण पर्यावरण शुद्ध होता है, जिसका मुख्य उद्देश्य सर्वे भवंति सुखिनः सर्वे संतु निरामयाः की जगत कल्याणकारी भावना परिलक्षित होती है। यज्ञमंडप की परिक्रमा से श्रद्धालु भक्तजनों की सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। यज्ञ आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि इस महायज्ञ को लेकर कई विद्वान प्रवचनकताओं और संत महात्माओं का आगमन हुआ है।

## चकौड़ा में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

केटी न्यूज/नावानगर

प्रखंड के चकौड़ा गांव में गत रविवार से ही श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का नेतृत्व गोरख पांडेय द्वारा किया जा रहा है। जिसमें समस्त ग्रामीणों का सहयोग बढ़ चढ़कर है। कथा कार्यक्रम प्रतिदिन संध्या समय 5 बजे से 10 बजे रात्रि तक चल रहा है। जिसमें कथावाचक के रूप में परम पूज्य जियर स्वामी जी महाराज के शिष्य राधा मोहन दास व परम पूज्य अनंत श्री विभूषित श्री अशोक दास जी महाराज भागवत भूषण अयोध्या के शिष्या प्रज्ञा पांडेय द्वारा श्रोताओं के बीच कथा का रसपान कराया जा रहा है। कथा वाचकों का कहना है कि इस भवसागर से पार करने के लिए भगवान का स्मरण करना जरूरी है। अगर सच्चे मन से भगवान से प्रेम करते हैं तो हर तरह के बाधा टलते जाएगा। तथा सहज से मुक्ति प्राप्त होगी। कथा का समापन भव्य भंडारे के साथ 5 मार्च को होगा।

### राज्यकर्मी घोषित करने समेत 21 सूत्री मांगों पर 2 जनवरी से ही आंदोलन कर रही सेविकाएं

# तेज हुआ आंगनबाड़ी सेविकाओं का आंदोलन, सड़क पर उतर किया विरोध

केटी न्यूज/बक्सर

आंगनबाड़ी सेविकाओं का हड़ताल अब तेज हो गया है। मंगलवार को बिहार राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ के आह्वान पर जिलेभर की आंगनबाड़ी सेविकाओं ने बक्सर के ज्योति प्रकाश चौक के पास विरोध प्रदर्शन करते हुए सड़क जाम कर दिया था। आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा सड़क जाम किए जाने से परिचालन ठप हो गया था। इसकी जानकारी मिलते ही तत्काल प्रशासन द्वारा वहां सीडीपीओ पुष्पा कुमारी को भेजा गया। सीडीपीओ को हड़ताली सेविकाओं ने अपना 21 सूत्री मांग पत्र सौंपा। इसके बाद पैदल मार्च करते हुए कमलदह पोखर पहुंची। जहां सरकार के विरूद्ध जमकर नारेबाजी की गई। इस दौरान आयोजित सभा में संघ की महासचिव लीलावती देवी ने कहा कि आंगनबाड़ी सेविकाएं दो जनवरी से ही हड़ताल कर रही है। लेकिन उनकी बातों को सुनने वाला कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि उनकी जायज मांगों पर सरकार विचार नहीं कर रही है। जिस कारण उन्हें



■ हड़ताली सेविकाओं ने कहा कि शीघ्र मांग पूरा नहीं होने पर पटना में होगा राज्य स्तरीय प्रदर्शन

आंगनबाड़ी केन्द्र छोड़ धरना प्रदर्शन करना पड़ रहा है। लीलावती के अलावे अन्य वक्ताओं ने कहा कि सरकार द्वारा उन्हें जो मानदेय दिया जा रहा है वह न्यूनतम मजदूरी से भी कम है। उपर से जिम्मेवारी नौनिहालों के भविष्य गढ़ने के साथ ही सरकार द्वारा निर्देशित सभी कामों को ससमय पूरा करना है। बावजूद सरकार उनकी सुविधाओं को नहीं बढ़ा रही है। सेविकाओं ने कहा कि इस मनमानी से सेविकाओं को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें अपना परिवार चलाने, बच्चों की पढ़ाई, दवाई आदि के लिए दूसरों का मुंहताज होना पड़ता है। सेविकाओं ने कहा कि सरकार अन्य विभागों में कार्यरत कर्मियों को संतोषजनक मानदेय दे रही है। जबकि आधी आबादी के मसीहा बनने का स्वांग भरने वाले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को उनकी चिंता नहीं है। इस दौरान सैकड़ो सेविकाएं मौजूद थी।

**सरकारी कर्मी घोषित करने की जिद पर अड़ी है सेविकाएं :** सेविकाओं ने बताया कि उनका आंदोलन आंगनबाड़ी सेविकाओं को सरकारी कर्मी घोषित करने के साथ ही 21 सूत्री मांगों के समर्थन में शुरू हुआ है। सेविकाओं ने कहा कि जबतक राज्य सरकार उनकी इस मांग को पूरा नहीं करती है तबतक उनका आंदोलन जारी रहेगा। 21 सूत्री मांगों में सरकारी कर्मी घोषित करने के साथ ही आंगनबाड़ी सेविकाओं को अन्य राज्यकर्मियों की तरह वेतन व भत्ता तथा सुविधाएं देने।

### पटना में होगा राज्य स्तरीय प्रदर्शन

आंदोलन कर रही आंगनबाड़ी सेविकाओं ने कहा कि यदि राज्य सरकार उनकी मांगों पर विचार नहीं करती है तो जल्दी ही राज्यभर की आंगनबाड़ी सेविकाएं पटना में जुटेंगी तथा सरकार की चूले हिलाकर रख देंगी। महासचिव लीलावती देवी ने कहा कि इसकी रणनीति बनाई जा रही है। जल्दी ही राज्य स्तरीय धरना प्रदर्शन की तिथि घोषित की जाएगी। उन्होंने कहां कि वे लोग अपनी चट्टानी एकता के बदौलत राज्य सरकार को झुकने पर बाध्य कर देंगी। लीलावती की मानें तो इस आंदोलन में जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों की सेविकाएं उनके साथ है। इसके पहले आंगनबाड़ी सेविकाएं काला बिल्ला लगा सरकारी उदासीनता का विरोध कर रही थी। लेकिन अब उनका आंदोलन जोर पकड़ने लगा है।

## एक नजर

### स्कूली बच्चों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दी गई जल ही जीवन की जानकारी




**नवानगर।** नेहरू युवा केंद्र, बक्सर एवं नेहरू युवा विकास समिति, डुमरांव के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हो रहे कैच द रेन कार्यक्रम के तहत राजकीयकृत रामलाल सिंह बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय मुकुंदडेरा, नवानगर प्रखंड में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता योग शिक्षक सह भूगोल विभाग के व्याख्याता डा संजय कुमार सिंह ने किया। उन्होंने बताया कि कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जल संचयन एवं आवश्यकतानुसार जल उपयोग करने का संदेश दिया जा रहा है। इस नाटक के माध्यम से बताया जा रहा है कि आज पानी का बचत करना कल के भविष्य को सुरक्षित करना है। यह कार्यक्रम युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित किया जा रहा है। मौके पर मौजूद शिक्षक विमलेश सिंह, लालजी सिंह, कुंदन कुमार, प्रभात कुमार, अतुलित सिंह, सुनील प्रधान ने नुक्कड़ नाटक के पूरी टीम की सराहना की और बधाई दी। उन लोगों ने बताया कि इस तरह का कार्यक्रम और ज्यादा होना चाहिए क्योंकि जल के बिना जीवन संभव नहीं है। इसे हर हाल में बचाना ही होगा। कलाकारों में प्रदुमन कुमार, दीपक कुमार, नवीन गुप्ता, पवन यादव, विपुल कुमार, रोहित कुमार, मरियम खातून, सुमित कुमार, आशीष कुमार, प्रवीण कुमार गोस्वामी सहित अनेकों लोग मौजूद रहे हैं, जिसमें आशु कुमारी, विनीता कुमारी, प्रिया कुमारी, सुरुचि कुमारी, राजलक्ष्मी मिश्रा, चांद, प्रवीण, शबाना खातून, संजना कुमारी, रानी कुमारी, सुनीता कुमारी सहित अनेकों लोग मौजूद रहे।

### शराब छिपाने के लिए घर की दीवार में बना दिया था तहखाना, पुलिस ने पकड़ा



**डुमरांव।** शराबबंदी कानून लागू होने के बाद भी लोग अपने वाहनों में तहखाना बना शराब की तस्करी करते पकड़े जाते है तो कभी पूरे शरीर में शराब की बोतलों को बेल्ट या स्टीकर के सहारे चिपका पुलिस की आंख में धूल झोकने का प्रयास करते रहे है। लेकिन कोरानसराय में तो इससे भी एक दिलचस्प मामाल सामने आया है। एक शराब कारोबारी शराब की खेप छिपाने के लिए अपने घर की दीवार में ही तहखाना बनवा दिया था। हालांकि वह पुलिस से बच नहीं सका है। मंगलवार को गुप्त सूचना पर कोरानसराय के सरल मंसूरी पिता स्व कुर्बान मंसूरी को 180 एलएल के 20 बोतल शराब के साथ पकड़ा है। शराब की खेप उसके घर की दीवार में बने तहखाना से बरामद करने के बाद पुलिस ने उसे छठवी बार जेल भेजा है। पुलिस की मानें तो इसके पहले वह तीन बार शराब बेचने तथा दो बार शराब पीने में जेल जा चुका है। यह छठवा मौका है जब उसे शराब के कारण जेल की हवा खानी पड़ रही है। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि उसकी स्वीकारोक्ति के बाद शराब का होलसेलर तस्कर पुलिस की रडार पर है। उसे जल्दी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। थानाध्यक्ष की मानें तो पूछताछ में कारोबारी ने कई अहम राज उगले है। उसके बाद पुलिस चिन्हित स्थलों पर छापेमारी अभियान चला रही है। बहरहाल दीवार में बने तहखाना को देख पुलिसकर्मी भी हतप्रभ थे।

### बारात आने से एक दिन पहले प्रेमी के साथ भागी दुल्हन, परिजनों ने दर्ज कराई प्राथमिकी



**डुमरांव।** स्थानीय थाना क्षेत्र के तुलसीपुर गांव में एक युवती अपने शादी से एक दिन पहले ही अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई है। घर से भागते समय वह डेढ़ लाख के आभूषण व 30 हजार नकद भी साथ ले गई है। इस संबंध में उसके परिजनों ने स्थानीय थाने में मामला दर्ज कराया है। मिली जानकारी के अनुसार युवती के परिजन उसकी शादी ठीक की तैयारी में लगे थे। तिलक का रस्म भी संपन्न हो गया था। मंगलवार को उसका बारात आने वाला था। परिजन बारात के स्वागत व शादी की तैयारी में जुटे थे। लेकिन युवती सोमवार की रात ही अपने प्रेमी संग फरार हो गई है। सुबह में जब वह अपने कमरे में नहीं मिली तो परिजन परेशान हो चारोतरफ खोजबीन किए। लेकिन जब कुछ सुराग नहीं लगा तो डुमरांव थाने में उसके गायब होने का मामला दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा लग रहा है। उन्होंने कहा कि युवती की बरामदगी के लिए तकनीकी साधनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। उसे जल्दी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। बहरहाल इस घटना के बाद लड़की पक्ष वाले काफी परेशान है।

## आचरण प्रमाण पत्र बनाने के लिए एसआई ने लिया घूस

**चौगाई।** एक युवक से आचरण प्रमाण पत्र बनवाने के लिए मुरार थाने में पदस्थापित एसआई जयप्रकाश कुमार ने बतौर घूस 300 रुपए की डिमांड की। एसआई ने उक्त युवक से फोन पर बातचीत के दौरान यह डिमांड की थी। युवक ने तत्काल फोन पे से 300 रुपए डाल भी दिए। तब जाकर उक्त युवक के आचरण प्रमाण पत्र पर साइन कर उसे अग्रसारित किया। हालांकि युवक ने उनके बातचीत को रिकार्ड कर लिया था तथा फोन रिकार्डिंग व पे फोन से एसआई के मोबाईल पर भेजे गए पैसे का साक्ष्य दे शिकायत दर्ज करा दिया। जिसकी जांच करने के बाद बक्सर एसपी ने उक्त एसआई को तत्काल सस्पेंड कर



दिया है। इस कारवाई के बाद पुलिस महकमें में हड़कंप मचा हुआ है। अधिकारी इस घटना की पुष्टि तो कर रहे है। वही आम आवाम में भी इस घटना की चर्चा हो रही है। लोगों का कहना है कि पुलिस के बड़े अधिकारी भले ही पुलिस पब्लिक फ्रैंडली को बढ़ावा देने की बात करते है, लेकिन धरातल पर बिना चढ़ावा कोई काम नहीं होता है।

### आईटीआई परिसर में श्रम अधिकार दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**बक्सर।** बक्सर आईटीआई परिसर स्थित संयुक्त श्रम भवन में मंगलवार को श्रम अधिकार दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन कर मजदूरों को श्रम कानूनों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उदघाटन चौसा नगर पंचायत की चेयरमैन किरण देवी ने दीप प्रज्वलित कर किया। जबकि अध्यक्षता श्रम अधीक्षक बक्सर द्वारा की गई। इस कार्यक्रम में श्रम संसाधन विभाग द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विभिन्न प्रखंडों से आए श्रमिकों को विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में जिला नियोजन पदाधिकारी बक्सर, प्राचार्य आईटीआई बक्सर, श्रमिक यूनियन संघ के प्रतिनिधि तथा श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी ने भी श्रम संसाधन विभाग की ओर से चलाई जा रही योजनाओं पर अपनी जानकारी साझा की।

## पटना से चोरी ट्रक एनएच 922 से लावारिस हालत में बरामद, छानबीन में जुटी पुलिस

केटी न्यूज/बक्सर

सोमवार को पटना के शहजहांपुर थाना क्षेत्र से चोरों ने एक दस चक्का ट्रक चोरी कर लिया। लेकिन बक्सर पुलिस की तत्परता से उक्त ट्रक 24 घंटे के अंदर ही एनएच 922 से लावारिस हालत में बरामद कर ली गई है। हालांकि पुलिस की भनक लगते ही ट्रक चोर भागने में सफल रहे है।

जानकारी के अनुसार शहजहांपुर थाना क्षेत्र स्थित अल्ट्राटेक सिमेंट फैक्ट्री के पार्किंग से ट्रक चोरी होने के बाद पटना पुलिस ने बक्सर पुलिस को भी तत्काल इसकी सूचना दी थी। पटना पुलिस ने आशंका जताई थी कि चोर उसे लेकर बक्सर की ओर भागे है। पटना पुलिस ने उक्त ट्रक का नंबर बीआर 01 जीए 2793 तथा उसका फोटो भी भेजा था। इस सूचना पर अलर्ट मोड में आई औद्योगिक थाने की पुलिस एनएच 922 पर तलाशी अभियान चला रही थी। जिससे डरकर ट्रक चोर उसे एनएच 922 पर दलसागर गांव के पास ही छोड़कर भाग खड़े हुए। औद्योगिक थाने की पुलिस ने उक्त ट्रक को बरामद करने के साथ ही इसकी सूचना पटना पुलिस को दे दी है। ट्रक को बरामद करने के साथ ही पुलिस चोरों की पहचान में जुट गई है। औद्योगिक थानाध्यक्ष ने इसकी पुष्टि की है।



ट्रक के पास खड़ी पुलिस

### 150 युवाओं को मिलेगा कंप्यूटर का प्रशिक्षण और रोजगार, नगर परिषद की कार्यपालक पदाधिकारी ने किया उद्घाटन

# युवाओं को हुनरमंद बना रहा कौशल युवा प्रशिक्षण कार्यक्रम: ईओ

- प्रशिक्षण के उपरांत 150 छात्र-छात्राओं को मुहैया कराया जाएगा रोजगार

केटी न्यूज/बक्सर

बक्सर के सिडिंकेट पास केवाईसी प्रशिक्षण केन्द्र का उदघाटन नगर परिषद की कार्यपालक पदाधिकारी प्रेम स्वरूपम ने मंगलवार को किया। यह प्रशिक्षण एडवांस कंप्यूटर एकेडमी सेंटर में शुरू किया गया है। छह माह के इस प्रशिक्षण में शामिल युवाओं को कंप्यूटर की बेसिक जानकारी दे उन्हें दक्ष बनाने के साथ ही रोजगार से भी जोड़ा जाएगा। यहां भारत सरकार के महत्वपूर्ण योजना दीनदयाल अंत्योदय राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत नगर परिषद के क्षेत्र के शहरी गरीब परिवार के छात्र-छात्राओं के कौशल का विकास किया जाएगा। जिससे शहरी गरीब छात्र-छात्राओं को रोजगार मिलने की संभावना रहेगी। इस प्रशिक्षण में करीब 140 से 150 छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण के उपरांत रोजगार मुहैया कराया जाएगा। जिससे वे स्वावलंबी बनकर मुख्यधारा से जुड़ सकेंगे।

इस मौके पर ईओ प्रेम स्वरूपम ने बताया कि यह प्रशिक्षण युवाओं के लिए सुनहरा मौका है। जो पूर्णतः निःशुल्क है तथा युवाओं को आत्मनिर्भर बनने का मार्ग प्रसश्त करने वाला है। ईओ ने कहा कि डे नूलम योजना केन्द्र सरकार की बेहतरीन योजना है, जो नगर परिषद के माध्यम से चलाई जा रही है। योजना के मिशन प्रबंधक मनोज केसरी ने डे नूलम योजना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह योजना शहरी गरीबों के लिए सर्वोत्तम कार्यक्रम है। इससे जुड़ कर युवा हुनरमंद बनने के साथ ही रोजगार भी पा सकते है।

उन्होंने ने बताया कि आजीविका समूह से जुड़ी महिलाओं व वेंडरों के बच्चों को इस योजना से अधिक से अधिक लाभ तथा कोर्स कराने की दिशा में प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि आज के दौरान हुनर का महत्व बढ़ गया है। इसी को देखते हुए डेनूलन योजना में केन्द्र सरकार द्वारा स्कील डेवलपमेंट को भी शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद का प्रयास होगा कि अधिक से अधिक गरीब परिवार के बच्चों को इस प्रशिक्षण का लाभ मिल सके। मनोज की मानें तो अब आने वाल दिनों में झुग्गी झोपड़ियों के बच्चें भी इस योजना से लाभान्वित हो कचरा चुनने के जगह कंप्यूटर का माउस क्लीक करेंगे। उन्होंने कहा कि नगर परिषद द्वारा विभिन्न स्वरोजगार से भी इन्हें जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में संस्था के डायरेक्टर, नगर परिषद के प्रधान लिपिक यशवंत सिंह, नवीन पांडेय, दिनेश कुमार आजीविका मिशन के सभी सीआरपी एवं सैकड़ों बच्चे शामिल रहे।



कार्यक्रम का उद्घाटन करती नप अधिकारी व अन्य

## खबरें फटाफट

### उमेश पाल डबल मर्डर मामले में बारा का सदाकत खान गिरफ्तार

**गाजीपुर।** प्रयागराज में बीते दिनों उमेश पाल हत्याकांड की प्लानिंग करने में गहमर थाने के बारा गांव निवासी युवक सदाकत खान की हुई गिरफ्तारी के बाद गांव में सनसनी फैल गई है। इसे लेकर लोगों मे चचाओं का बाजार गर्म है। दरअसल सदाकत इलाहबाद हाईकोर्ट में वकालत करता है। सदाकत प्रयागराज स्थित मुस्लिम हास्टल के कमरे में रहता था। यूपी पुलिस एसटीएफ प्रमुख और अपर पुलिस महानिदेशक, आईपीएस अमिताभ यश ने इसकी पुष्टि की है कि उमेश हत्याकांड की योजना को अंतिम रूप दिए जाने के दूसरे दौर के तमाम अहम बैठकें सदाकत के कमरे पर ही हुई थीं। सदाकत आखिर अपराधियों के संपर्क में कैसे आया, इस सवाल को लेकर गांव में तरह –तरह की चचाएं हैं। गांव में सदाकत की किसी से कभी कोई विवाद तक नहीं हुआ और न ही उस पर कोई मुकदमा है। सदाकत संपन्न और शरीफ परिवार से है। ऐसे में ग्रामीणों को यकीन ही नहीं हो रहा कि सदाकत का कैसे उमेश पाल डबल मर्डर से लिंक हो सकता है। सदाकत के पिता शमशाद खान दिल्ली में सेक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते हैं। सदाकत इलाहबाद विश्व विद्यालय में छात्र संघ का नेता भी रह चुका है। इस संबंध में गहमर कोतवाल पवन कुमार उपाध्याय ने बताया कि सदाकत की गिरफ्तारी गोरखपुर से हुई है। वह बारा गांव का वाशिंदा जरूर है। लेकिन यहां कोई कार्रवाई नही हुई है। अगर कोई सूचना आती हैं, तो निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी।

### कोटेदार पर कम राशन देने की डीएम से शिकायत

**नगरा।** क्षेत्र के नरहीं ग्राम पंचायत सच्चितापुर की महिला कोटेदार पर कार्डधारक सुगंती देवी ने कम राशन देने , खाद्यान्न की कालाबाजारी करने का आरोप लगाया है। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को भेंजे गये शिकायती पत्र में सुगंती देवी ने कहा है कि गांव की कोटेदार गीता देवी के पति जयप्रकाश राजभर व उसके पुत्र द्वारा राशन वितरण का कार्य किया जाता है। जयप्रकाश राजभर अपनी दबंगई से राशन के वितरण में मात्र 5 किलो चावल देकर अंगूठा लगवा ले रहा है। गेंहू का वितरण नही किया जाता है। तौल में भी कम देना , गेहूं की कालाबाजारी करना उसकी आदत हो गयी है। गेंहू व सही वजन की बात करने पर कोटेदार पति कहता है कि डीएम साहब सीबीआई से एफआईआर करा कर हमारा कुछ नही बिगाड पाये तो तुम किस खेत की मूली हो।

# जानेमन नाटक में कलाकारों ने किन्नर समुदाय के दर्द को मंच पर उतारा

**केटी न्यूज/बलिया**

संभागीय नाट्य समारोह के चौथे दिन जानेमन नाटक का मंचन किया गया। बलिया कलेक्ट्रेट स्थित गंगा बहुउद्देशीय प्रेक्षागृह में मंचित इस नाटक को देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शकों की भीड़ उमड़ी। कलाकारों ने शानदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया। उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी लखनऊ व जिला प्रशासन बलिया के संयुक्त तत्वावधान में तथा संकल्प साहित्यिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था बलिया के सहयोग से नाट्य समारोह का आयोजन किया गया। अंतिम दिन शाहजहांपुर की अभिव्यक्ति संस्था और मच्छिंद्र मोरे द्वारा लिखित व शमीम आजाद द्वारा निर्देशित नाटक जानेमन को कलाकारों ने मंच पर उतारा। मंच पर भव्य सेट ने नाटक को और भी बेहतरीन बना दिया।



नाटक में किन्नर समुदाय की पीड़ा को दशार्या गया है। किन्नर प्राकृतिक रचना ही नहीं बल्कि इन्हें किन्नर गुरु की वंशवेल के रूप में मर्द से किन्नर बनाया भी जाता है जिससे किन्नर गुरु अपनी एक चेलन के रूप में अपनी संतान /निशानी /चिन्ह स्वरूप छोड़कर इस नरक से मुक्ति पा लेती है ऐसी मान्यता है। नाटक के अनुसार किन्नर बनने को आतुर वह मर्द हुआ करते हैं जिनमें बचपन में हुए शोषण के कारण पुरुष के संसर्ग की चाह जाग उठती है और स्त्री बनने की इच्छा जाहिर करते हुए पुरुष अंग को हथियार से विक्षित करा कर बहुचर माता का वरदान की देवी बहुचर मानते हुए स्वीकार करते हैं और किन्नर जीवन की शुरूआत करते हैं। नाटक के एक दृश्य में किन्नर अपने समुदाय माता के समक्ष कहता है कि किन्नर ईश्वर के घर पैदा नहीं होते उन्हें तू बनाती है किन्नर, ताकि तेरी पूजा होती रहे। नाटक जानेमन समाज के उन अवांछित तथ्यों पर प्रकाश डालता है, जिसमें बच्चों के शोषण करने वाले स्वयंभू हैं या किसी किन्नर को नर्क से मुक्ति के समाधान में एक मर्द को जबरन अथवा स्वयं उसी की इच्छा से लिंगोच्छेदन करके किन्नर बना देना। नाटक का सार यह है कि हिजड़ा सिर्फ पैदाइशी ही नहीं होता बनाया भी जाता है।

नाटक में कृष्ण कुमार श्रीवास्तव , राजेश भारती, विनोद दौलताबाद , अरुण कुमार , हर्षवीर , परविंदर सिंह, शैलेंद्र कुमार, अभिषांत पाठक , मयूर खन्ना , अभय कश्यप , कृष्ण कुमार , शिवम सिंह , ओमवीर सिंह, अमित राठौर ने अपने शानदार अभिनय से बलिया के दर्शकों का दिल जीत लिया। नाटक में संगीत उषा सक्सेना , अभिषेक शुक्ला , प्रकाश व्यवस्था तसब्बर , मंच व्यवस्था विकास भारती का रहा । नाट्य प्रस्तुति के बाद उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी द्वारा अभिव्यक्ति संस्था के सचिव को एव नाट्य समारोह की सहयोगी संस्था संकल्प के सचिव वरिष्ठ रंगकर्मी आशीष त्रिवेदी को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। संगीत नाटक अकादमी की सर्वेक्षण अधिकारी शैलजा कांत ने सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन व संकल्प संस्था के साथ दर्शकों का आभार व्यक्त किया। संकल्प संस्था एवं जागरूक शिक्षण संस्थान द्वारा सर्वेक्षण अधिकारी शैलजा कांत को प्रतीक चिन्ह और अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया।

## करोड़ों रुपए की हेराफेरी और धमकाने के मामले में गाजीपुर पुलिस ने कसा शिकंजा

# माफिया मुख्तार अंसारी की पत्नी और साले समेत चार पर एफआईआर दर्ज

**एजेंसी/गाजीपुर**

माफिया मुख्तार अंसारी पर लगातार शासन-प्रशासन का शिकंजा कसता जा रहा है। अब गाजीपुर में मुख्तार की पत्नी आफ्शां अंसारी और 2 सालों समेत 4 के खिलाफ करोड़ों रुपए की हेराफेरी का एफआईआर दर्ज हुआ है। पीड़ित ने चारों लोगों पर उसकी कंपनी पर डरा-धमकाकर कब्जा कर लेने का आरोप लगाया है। पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी, विधायक बेटा अब्बास अंसारी और बहू निखत अभी जेल में हैं। इस मामले में कई जगहों पर छापेमारी भी की गई थी। गाजीपुर शहर कोतवाली में मुख्तार की पत्नी आफ्शां अंसारी, उनके दो भाई समेत 4 के खिलाफ मसूद आलम ने एफआईआर दर्ज कराई है। शहर के सैय्यडवाड़े के रहने वाले मसूद ने आफसा अंसारी, उसके दो भाई समेत चार लोगों पर करोड़ों रुपए की हेराफेरी का आरोप लगाते हुए केस किया है। वादी ने आरोपियों पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है।



**धोखाधड़ी से फर्म में शामिल होकर कब्जा किया:** सदर कोतवाली निवासी सैय्यदवाड़ा निवासी मसूद आलम ने विकास कंस्ट्रक्शन कंपनी को अपनी फर्म बताया है। साथ ही मुख्तार अंसारी की पत्नी आफ्शां अंसारी, आतिफ रजा और अनवर शहजाद पर धोखाधड़ी से फर्म में शामिल होने और कब्जा करने का आरोप भी लगाया। कोतवाल तेजबहादुर सिंह ने बताया कि मसूद आलम की तहरीर पर आफ्शां अंसारी, आतिफ रजा और अनवर शहजाद और जाकिर हुसैन के खिलाफ 406, 420, 386, 506 धारा में 24 फरवरी को केस दर्ज किया गया है।

**कंपनी के करोड़ों रुपए हड़पने का आरोप:** पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि मसूद आलम ने तहरीर देते हुए बताया कि उनके और उनके तीन सहयोगियों ने एक विकास कंस्ट्रक्शन नाम की फर्म बनाई गई थी। 2010 और 2012 में आफ्शां अंसारी और उनके भाइयों ने धमकी देकर, डराकर उनकी कंपनी में अनाधिकृत रूप से कब्जा कर लिया। कंपनी के उस समय के करोड़ों रुपए भी इन लोगों द्वारा हड़प लिए गए। उसी तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

### चित्रकूट जेल के डिप्टी जेलर चंद्रकला गिरफ्तार

चित्रकूट जेल के डिप्टी जेलर चंद्रकला को गिरफ्तार कर एंटी करप्शन कोर्ट लखनऊ भेज दिया गया है। चित्रकूट जेल में माफिया मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी को उसकी पत्नी निखत को मिलाने में डिप्टी जेलर की भूमिका संदिग्ध थी। एसपी वृंदा शुक्ला ने मंगलवार को बताया कि न्यायिक हिरासत में डिप्टी जेलर को 14 दिन के लिए लखनऊ जेल भेजा गया है। जेल में अब्बास अंसारी से उसकी पत्नी निखत को मिलाने में सहयोग देने वाले सपा नेता फराज खान और कैंटीन ठेकेदार नवीन सचान को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है। मामले में पुलिस की 18 टीमें प्रदेश में अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर रही हैं। वहीं मामले में लगभग 20 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। चित्रकूट जेल कांड में एसटीएफ, एसओजी, यूपी पुलिस, एसआईटी टीम सबूत खंगालने में जुटी है। इसमें दो कैफे संचालक को पूछताछ के लिए पकड़ा गया है। इन्हें सर्विलांस व एसआईटी अपने साथ ले जाकर कंप्यूटर से जानकारी एकत्र करने में जुटी है। इसके अलावा एक बैंक के अधिकारी भी इस मामले में मददगार के रूप में निशाने पर हैं।

## ड्रग इंस्पेक्टर ने मनियर में दवा दुकानों का किया निरीक्षण, मचा हड़कंप

**केटी न्यूज/मनियर बलिया**

औषधि निरीक्षक श्रीधेश्वर शुक्ला एवं लिपिक रवि कुमार पांडेय ने मनियर के विभिन्न दवा दुकानों पर सोमवार की शायं काल निरीक्षण किया। औषधि निरीक्षक के आगमन की सूचना मिलते ही औषधि दुकानदारों में हड़कंप मच गया। बहुत से दुकानदार अपनी दुकान बंद कर-के फरार हो गए। इसी क्रम में मनियर देवापुर ढाले पर स्थित एक दुकान एवं मनियर खेजूरी मोड़ स्थित गुमटी में संचालित एक दवा दुकान पर औषधि निरीक्षक पहुंचे। उनसे कागजात, दवाओं की खरीद बिक्री की रसीद एवं लाइसेंस की मांग की जिस पर दुकानदार दिखाने में असमर्थ दिखे। इस पर उन्होंने उन्हें चेतावनी दी कि बिना लाइसेंस के



दुकानों को संचालित न करें जब लाइसेंस मिल जाए तो दुकान खोलें और दुकान को बंद करा दिए। लाइसेंस को दुकान में सामने टांगे और अगर लाइसेंस न हो तो जल्द से जल्द लाइसेंस बनवा लें। उसके बाद मनियर बस स्टैंड स्थित तिवारी दवाखाने पर पहुंचे और दवा के लाइसेंस व अन्य कागजात देखे तथा कुछ दवा के सैम्पल अपने साथ लेकर के गए।

## सिपाही की अर्थी को एसपी ने दिया कंधा

**बलिया।** 112 नंबर पर तैनात सिपाही प्रदीप कुमार पुत्र मेवालाल का शव मंगलवार को पुलिस लाइन पहुंचते ही पुलिसकर्मियों में शोक की लहर दौड गई। एसपी राजकरण सहित अन्य पुलिस कर्मियों ने अर्थी को कंधा देने के साथ अंतिम यात्रा में शामिल हुए। इस दौरा पुलिस कर्मियों की आंखें नम रही। आपकी जानकारी के लिए बता दें वाराणसी जनपद जनता थाना क्षेत्र के राखी नेवाद गांव निवासी प्रदीप कुमार पुत्र मेवालाल हल्दी थाने के 112 नंबर पुलिस वैन में तैनात थे। सोमवार की सुबह उनकी अचानक तबियत खराब हो गई। आनन–फानन में उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई थी। मंगलवार को प्रातः पुलिस लाइन से शव यात्रा निकाली गई।

## नगरा में अवैध अस्पताल, पैथोलॉजी लैब का फैला जाल, अधिकारी मौन

**केटी न्यूज/नगरा (बलिया)**

प्रदेश की योगी सरकार में स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्था सुधारने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। राजकीय अस्पतालों में हाईटेक मेडिकल ट्रीटमेंट की सारी सुविधा बहाल की जा रही है। बावजूद क्षेत्र में अवैध व फर्जी तरीके से प्राइवेट अस्पताल एवं पैथोलाँजी का जाल फैलता ही जा रहा है। केवल नगरा बाजार में ही एक दर्जन से उपर अवैध अस्पताल व पैथोलाँजी फल फूल रहे हैं।

बगैर रजिस्ट्रेशन दर्जनों अस्पताल व पैथोलाँजी जुगाड टेक्नोलाजी के बल पथ चल रहे हैं। हालाकि अवैध अस्पतालों व पैथोलालजी की जांच के लिये नामित नोडल अधिकारी , उपमुख्य चिकित्साधिकारी डा. एसके गुप्त का आवास नगरा में ही है। फिर भी इन अवैध अस्पतालों पर कोई अंकुश नही लग पा रहा है। कतिपय अस्पताल तो ऐसे हैं जो मऊ व वाराणसी के डाक्टरों का नाम बोर्ड पर लिखवा कर धडल्ले से संचालित हो रहे हैं। जबकि उन बाहरी चिकित्सकों का कभी पता नही चलता है। इन अस्पतालों में पूरे दिन में यदि एक भी मरीज इनके एजेंट लेकर पहुंच गये तो पूरे दिन का खर्च वसूल हो जाता है।

इस संबंध में उपमुख्य चिकित्साधिकारी, नोडल अधिकारी डा. एसके गुप्त का कहना है कि बहुत जल्द ही नगरा में भी छापेमारी कर अवैध अस्पतालों को बंद कराया जायेगा।

## एक नजर

### मऊ में श्रीरजतेश्वर महादेव की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**मऊ /दोहरीघाट।** श्रावण मास के सरजू नदी से उत्पन्न रजतेश्वर महादेव की प्राण प्रतिष्ठा रुद्र पाठात्मक यज्ञ व श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन की बाबा मेला राम मंदिर परिसर में उपस्थित भक्तों को श्रीमद् भागवत कथा का अमृत ज्ञान व रसपान कराते हुए संतोष जी महाराज ने श्री कृष्ण व गोपियों की रासलीला श्री कृष्ण रुक्मणी का विवाह श्री कृष्ण भगवान की लीलाओं के बारे में बताया गया वहीं इस दौरान उपस्थित सभी श्रोता और भक्तगण गोपियों की रासलीला के समय फूल अबीर गुलाल के साथ जमकर होली भी खेली। राजेश्वर महादेव की स्थापना को लेकर सभी देवी देवताओं समेत श्री रजतेश्वर महादेव को नगर के सभी मंदिरों काली माता मंदिर, दुर्गा माता, साईं बाबा, राम जानकी,हनुमान मंदिर,पंचमुखी शिव मन्दिर, प्राचीन शिव मंदिर,डीह बाबा मंदिर लाहौरी माता मंदिर आदी सभी देवताओं के स्थान से होकर मठ मन्दिर पहुँची जहाँ पर मठ मन्दिर के पीठाधीश्वर बाबा मेला राम जी के कुशल निर्देशन में आचार्य श्याम जी पांडे कार्तिक पांडेय व काशी से आए हुए विद्वानों द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ पूरे विधि विधान पूर्वक मिलान व स्पर्श कराकर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न कराया गया इस दौरान हजारों महिलाएं पुरुष बच्चे नगर भ्रमण करते हुए नाचते गाते अबीर गुलाल से होली खेलते हुए झूमते रहे। लोग घरों की छतों से पुष्पा वर्षा करते रहे।

### 185 मरीजों का हुआ नेत्र परीक्षण

**बलिया।** आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन सूर्योदय पब्लिक स्कूल शिक्षा समिति के बहेरी के प्रांगण में आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी तादाद में ग्रामीणों ने निःशुल्क जांच का लाभ लिया। कैंप का उद्घाटन ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रदेश संयुक्त सचिव मोहम्मद शमीम खान ने किया। इस दौरान कुल 185 लोगों का इलाज नेत्र परीक्षण किया गया। इस अवसर पर जिला संगठन प्रभारी मोहम्मद नसीम खान,पूर्वांचल के सचिव कालिका प्रसाद, जिला प्रमुख महासचिव महताब आलम, सरदार राजू सिंह,परमात्मानंद सिंह, दीपक श्रीवास्तव, राम कुमार राजभर, छोटन राजभर, त्रिभुवन राम, महमूद खान, सनाउल्लाह खान, नियाज अहमद, महबूब आलम इत्यादि लोग मौजूद रहे। सभी अतिथियों और आगंतुकों के प्रति आभार विद्यालय के प्रधानाचार्य रामजी पांडेय ने किया।



### हौसलों की उड़ान कार्यक्रम का आयोजन

**गाजीपुर।** ग्रामीण विकास संस्थान के द्वारा हौसलों की उड़ान कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत कार्यालय के सभागार में आयोजित किया गया। जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ता साधन कुमार चक्रवर्ती एवं नवीन राय ने प्रतिभाग किया तथा पराविधिक स्वयं सेवक द्वारा कैंप लगाकर लोगों को विधिक जागरूकता दी गई। साथ ही साथ मिशन शक्ति एकीकृत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम जिसमें महिलाओं की रक्षा, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया जाना है के सम्बन्ध में लोगों को जागरूक किया गया। बीते सोमवार को वन स्टाप सेंटर गोराबाजार गाजीपुर में निरीक्षण के दौरान जेडर जस्टिस एवं मिशन शक्ति के तहत शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें राकेश कुमार, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश, पॉक्सो न्यायालय, कक्ष सं0-1, श्रीमती कामायनी दूबे पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं साधना कुमारी न्यायालय सिविल जज ( जू0डि0 ) फास्ट ट्रैक कोर्ट कक्ष संख्या-01 गाजीपुर उपस्थित हुए।

### यूपी बोर्ड परीक्षा : केंद्रों पर डीएम और एसपी ने किया स्थलीय निरीक्षण

**गाजीपुर।** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं नकल विहीन संपन्न कराने के उद्देश्य से विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का सामुहिक रूप से स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा में निरीक्षण के लिए कोमल इंटर कॉलेज मर्दानपुर, श्रीमहंत रामसनेही दास खटिया बाबा इंटर कॉलेज धामपुर, श्रीजानकी इंटर कॉलेज रूहीपुर, मधुबन बाल गोपाल इंटर कॉलेज गाजीपुर में छात्रों के आधार कार्ड एवं प्रवेश पत्र से फोटो का मिलान कराते हुए छात्रों की उपस्थिति रजिस्टर को चेक किया तथा स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरा का निरीक्षण करते हुए कक्ष निरीक्षक को निर्देश दिया कि कोई भी लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने परिक्षार्थियों की गहनता से समीक्षा की।

## नेहरू युवा केंद्र एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की ओर से दो दिवसीय जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज

# गाजीपुर के खिलाड़ियों ने दिखाया दम, बेहतर खेल से जीता दिल

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

नेहरू युवा केंद्र एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दो दिवसीय जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन नेहरू स्टेडियम में मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम में कबड्डी, वॉलीबॉल, लंबी कूद, दौड़ 100 मीटर बालक वर्ग, दौड़ 100 मीटर बालिका वर्ग दौड़ 400 मीटर बालक वर्ग आदि खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी कपिलदेव राम ने बताया कि विकास खंड से विजयी प्रतिभागियों को जनपद स्तर पर प्रतिभाग कराया जा रहा है। मुख्य अतिथि परियोजना निदेशक राजेश यादव ने कहा कि खेलकूद से न सिर्फ शारीरिक विकास होता है,



बल्कि मानसिक विकास भी होता है। हम सभी को अपने दैनिक दिनचर्या में खेलकूद को अपनाना चाहिए। जिला क्रीड़ा अधिकारी अरविंद यादव ने भी अपने विचार प्रकट किए हैं। खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत कबड्डी में विजेता एवं उपविजेता क्रमशः कासिमाबाद एवं सदर की टीम रही वॉलीबॉल में विजेता जमानिया एवं उप विजेता सदर की टीम रही। 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर क्रमश भानु प्रताप सिंह, अमित यादव, मनदीप कुशवाहा रहे। दौड़ 100 मीटर बालक वर्ग में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्रमश पल्लवी सिंह, प्रीति साहनी, एवं सोनम भारती रही । दौड़ 400 मीटर बालक वर्ग में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्रमशः अमित यादव, अजीत कुमार यादव, एवं भानु प्रताप रहे। लंबी कूद में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर क्रमशः नवीन कुमार, अमित कुमार एवं अभिराज कुमार रहे। इस अवसर पर सेवानिवृत्त जिला क्रीड़ा अधिकारी एसडी यादव,राज्य प्रशिक्षक पारसनाथ यादव, रामाधार यादव जुगुनू ,संगीता यादव आदि लोग उपस्थित रहे एवं संचालन अंगद सिंह यादव ने किया।

### कल होगी बालकों की कबड्डी और वॉलीबाल प्रतियोगिता

**गाजीपुर।** जी-20 पं. दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर दो मार्च 2023 को जूनियर वर्ग बालकों की कबड्डी व वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में विजेता-उपविजेता खिलाड़ियों को प्रति सदस्य क्रमशः 500 एवं 400 रुपये की धनराशि आरटीजीएस के माध्यम से दी जाएगी। इसके लिए खिलाड़ी को अपने बैंक का खाता संख्या व आईएफएससी कोड लाना अनिवार्य है। साथ में अपना आधार कार्ड अथवा आयु प्रमाण-पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा।